# कृषि प्रौधोगिकी प्रबंध अभिकरण, आत्मा, गोपालगंज।

## संविदा के आधार पर नियोजन हेतु विज्ञापन

निदेशक, बामेती, बिहार, पटना के पत्रांक 549 दिनांक 22.05.2025 के आलोक में आत्मा कार्यालय गोपालगंज हेतु आशुलिपिक–सह–लिपिक के पद पर संविदा आधारित नियोजन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है–

| क्र0सं0 | पद का नाम | नियत मानदेय | पदों की संख्या | उम्र | अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | आशुलिपिक –सह– लिपिक (राज्य स्कीम) | राज्य सरकार के स्तर से निर्धारित मानदेय के अनुसार | 01 | 37 वर्ष (विज्ञापन प्रकाशन की तिथि तक अधिकतम) (सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प सं0 ज्ञापांक 294 दिनांक 07.01.2016 के अनुरूप) | स्नातक की डिग्री एवं आशु टंकन का प्रमाण पत्र एवं उक्त कार्य में 03 वर्ष का अनुभव के साथ कम्प्यूटर में 06 माह का डिप्लोमा तथा कम्प्यूटर कार्य में दक्ष। |

नियोजन हेतु सामान्य सूचना–

1. चयन प्रक्रिया का मापदंड जिला चयन समिति के स्तर से निर्धारित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया आवश्यकतानुसार शैक्षणिक योग्यता/दक्षता परीक्षा/कार्यानुभव/साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।
2. चयन में बिहार राज्य के निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. नियोजन संबंधी किसी भी विवाद अथवा विज्ञप्ति को रदद करने का अधिकार आत्मा, गोपालगंज को सुरक्षित होगा।
4. उम्र के सत्यापन हेतु मैट्रिक का प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
5. आवेदन का प्रारूप – 1. पद का नाम 2. आवेदक का नाम 3.पिता/पति का नाम 4. आवेदक का स्थाई पता – ग्राम, पथ/मकान सं, पोस्ट, थाना, प्रखण्ड, जिला, राज्य, पीन कोड, 5. आवेदक का पत्राचार का पता – ग्राम, पथ/मकान सं, पोस्ट, थाना, प्रखण्ड, जिला, राज्य, पीन कोड 6. आवेदक का जन्म तिथि (10वीं का प्रमाण–पत्र संलग्न करें) 7. आवेदक का उम्र (विज्ञापन प्रकाशन की तिथि तक) ......वर्ष.......माह........दिन, 8. शैक्षणिक योग्यता 9. कार्य अनुभव 10. आवेदक का लिंग–(महिला/पुरूष) 11. आवेदक का मोबाईल सं0/दुरभाष सं0, 12. आवेदक का ई–मेल–आई0डी0, 13. आवेदक का नाम एवं पूर्ण हस्ताक्षर।
6. आवेदक सादे कागज पर विहित प्रपत्र में पूर्ण विवरणी एवं शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, उम्र संबंधित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति तथा आवेदन पर एक फोटो के साथ परियोजना निदेशक, आत्मा, गोपालगंज (द्वितीय तल, संयुक्त कृषि भवन, जिला कृषि कार्यालय परिसर, गोपालगंज–841428) के कार्यालय में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा/स्वीकार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किए जाएगा। विशेष जानकारी आत्मा, गोपालगंज के वेबसाइट www.atmagopalganj.org पर देखा जा सकता है।
7. एकरारनामा एव नियोजन से संबंधित अन्य शर्ते विभागीय निदेशानुसार एवं सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या 1003 दिनांक 22.01.2021 के अनुरूप मान्य होगा।
8. आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 20 अगस्त 2025 को संध्या 05 बजे तक ही प्राप्त किया जाएगा। अंतिम तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे।
9. आवेदित सही अभ्यर्थियों का आवश्यकतानुसार दक्षता परीक्षा/कार्य अनुभव/साक्षात्कार की प्रक्रिया जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 27 अगस्त 2025 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से आत्मा कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, जिला कृषि कार्यालय, गोपालगंज में होगा जिसमें सभी अभ्यर्थियों को सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं एक छाया प्रति, आधार कार्ड एवं एक फोटो के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
10. दिनांक 07 जून 2025 को प्रकाशित विज्ञान के विरुद्ध प्राप्त आवेदन के अभ्यर्थी भी इस दक्षता परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। उन्हे पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

26/07/25

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा,
गोपालगंज।

अपर समाहर्ता
गोपालगंज।

जिला पदाधिकारी–सह–
अध्यक्ष, आत्मा, गोपालगंज।